कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मनेन्द्रगढ़, जिला – कोरिया (छ.ग.)

मनेन्द्रगढ़, दिनांक 22/12/2021

सूचना

विषय :– ड्रेसकोड (यूनीफार्म) संबंधी।

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2021–22 में ड्रेसकोड (यूनीफर्म) लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु आप सभी छात्र/छात्राओं ने सर्वप्रथम आवेदन पत्र प्रस्तुत कर महाविद्यालय में ड्रेसकोड लागू किये जाने का निवेदन किया। तत्पश्चात् महाविद्यालयीन अनुशासन समिति ने कक्षावार ड्रेसकोड (यूनीफार्म) लागू किये जाने हेतु आप सभी उपस्थित छात्र/छात्राओं का अभिमत लिया जिसमें 95 % छात्र/छात्राओं ने ड्रेसकोड लागू करने की लिखित सहमति प्रदान की।

अतः आप सभी छात्र/छात्राओं के निवेदन एवं सहमति उपरान्त ड्रेसकोड हेतु तुलनात्मक रूप से न्यूनतम दर में उपलब्ध सियाराम कम्पनी की कोड Mistair Impressa Kelvinator - 003 शर्ट/कुर्ती हेतु एवं Super host – 901 पेण्ट/सलवार हेतु निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि इस कोड संख्या से पूरे भारत वर्ष में किसी भी कपड़े की दुकान से क्रय किया जा सकता है। सम्पूर्ण ड्रेसकोड निम्न विवरण अनुसार होगा–

छात्रों के लिए – फुल स्लीव, स्टेंड कॉलर (जवाहर कट स्टेंड पट्टी कॉलर) का शर्ट ।
शर्ट कलर कोड – सियाराम – Mistair Impressa Kelvinator – 003
फार्मल पेण्ट, बूट लेन्थ, स्ट्रेट कट पेण्ट काले जूते, ब्राउन मोजे।
पेंट कलर कोड – सियाराम – Mistair Super host – 901

छात्राओं के लिए – फार्मल शर्ट–बूट लैंथ पेण्ट या बूट लैंथ पेण्ट–कुर्ता (घुटने तक लंबाई का कुर्ता) राउंडनेक स्टेंड कॉलर फुलस्लीव स्ट्रेट कट होना आवश्यक है।
शर्ट/कुर्ती कलर कोड –सियाराम–Mistair Impressa Kelvinator – 003
फार्मल पेण्ट, बूट लेन्थ, स्ट्रेट कट पेण्ट काले जूते, ब्राउन मोजे।
पेंट/सलवार कलर कोड – सियाराम – Mistair Super host – 901

छात्राएं इसी कलर कोड का सलवार सूट एवं पेण्ट के रंग का दुपट्टा बनवा सकती हैं। ब्राउन मोजे के साथ काला जूता पहेनना होगा।

छात्र/छात्रा पेण्ट के रंग का हॉफ कोटी/ब्लेजर/फुल स्वेटर इच्छानुसार पहन सकते हैं। ड्रेस हेतु छात्र/छात्राओं के कपड़ों के कोड समान हैं।

अतः आप सभी छात्र/छात्राओं से आग्रह है कि उपरोक्तानुसार अपना ड्रेस तैयार कराकर महाविद्यालय पहनकर आवें। दिनांक 20–01–2022 से अनिवार्य रूप से ड्रेस (यूनिफार्म) में आवें।

22/12/2
प्राचार्य
प्राचार्य
विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया (छ.ग.)

Scanned by CamScanner